•कार्यालय प्राचार्य शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक 2889 नर्मदापुरम्, दिनॉक 18 / 12 / 2023

निविदा विज्ञप्ति

विषय – पुस्तकें क्रय हेतु निविदा आमन्त्रण ।

इस महाविद्यालय के ग्रंथालय हेतु विज्ञान, कला, वाणिज्य, विधि व अन्य विषयों की पुस्तकों का क्रय किया जाना है । पुस्तक विक्रेता एवं प्रकाशक अपने भाव–पत्र निम्न बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुए सील बन्द लिफाफे में विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनॉक से 21 दिवस में कार्यालय प्राचार्य के पद नाम से प्रस्तुत करें ।

पुस्तकें :–

1	स्वयं के प्रकाशन की पुस्तके	–	पेपर बैक / हार्ड वाउण्ड संस्करण
2	अन्य प्रकाशन की पुस्तकें	–	पेपर बैक / हार्ड वाउण्ड संस्करण
3	विदेशी प्रकाशन की पुस्तके	–	पेपर बैक / हार्ड वाउण्ड संस्करण
4	शासकीय प्रकाशन की पुस्तकें	–	पेपर बैक / हार्ड वाउण्ड संस्करण

निविदा की शर्ते :–

1 क्रय आदेश तिथि से वांछित सामग्री का प्रदाय करने का समय 21 दिवस होगा ।

2 सामग्री का प्रदाय एफ.ओ.आर नर्मदापुरम् होगा ।

3 सामग्री नवीन संस्करण की तथा क्रय आदेश के अनुसार ही प्रदाय करनी होगी । पुस्तकें क्रय आदेश से भिन्न होने पर मान्य नहीं होगी ।

4 सामग्री क्षतिग्रस्त या त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर वापस कर दी जावेगी । इस पर होने वाला व्यय आपके द्वारा वहन किया जावेगा ।

5 सामग्री पर मुद्रित मूल्य ही मान्य होगा । स्टीकर लेबल चिपका हुआ मूल्य मान्य नहीं किया जावेगा । सामग्री पर मूल्य अंकित नहीं होने पर प्रकाशन की मूल सूची प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा ।

6 वाणिज्य कर का पंजीयन आवश्यक है ।

7 निविदा स्वीकृत होने वाले पुस्तक विक्रेता को दी गई समय सीमा के अन्दर स्वीकृत दरों पर सूची के अनुसार आदेश की पूर्ति करनी होगी । ऐसा न करने पर क्रय आदेश स्वमेव ही निरस्त माना जावेगा तथा महाविद्यालय क्रमिक निविदाकर्ता को आदेश देने के लिए स्वतन्त्र होगा ।

8 आपका भाव–पत्र 30.04.2024 तक वैध रहेगा ।

9 निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

10 प्राचार्य को क्रय आदेश निरस्त करने का अधिकार होगा ।

ग्रंथालय प्रभारी

प्राचार्य
शास. गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
नर्मदापुरम (म.प्र.)